उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) और (ख) प्रौद्योगिकी उन्नयन जो एक सतत प्रक्रिया है के अलावा श्रम, मशीन और पूंजी उत्पादकता तथा अवस्थापना सम्बन्धी सहायता इत्यादि अनेक कारक हैं जिनका सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यचालन और कार्य-निष्पादन के सुधार पर सीधा प्रभाव पड़ता है। चूंकि ये कारक एक दूसरे पर अत्यधिक निर्भर करते हैं इसलिए केवल प्रौद्योगिकी उन्नयन के कारण, कार्य चालन और कार्य-निष्पादन में सुधार की सीमा का पता लगाना वास्तविक रूप से व्यवहार्य नहीं होगा।

उत्तर प्रदेश सरकार का विकास केन्द्र को स्थानांतरित करने संबंधी अनुरोध

5925. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश स्थित विकास केन्द्र को पौड़ी गढ़वाल से कानपुर (देहात) में स्थानांतरित करने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस अनुरोध पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश सरकार ने पौड़ी गढ़वाल विकास केन्द्र के स्थान का पुनः निर्धारण करने हेतु जैनपुर, जिला कानपुर देहात और ताला नगरी, जिला अलीगढ़ नामक दो वैकल्पिक स्थानों का प्रस्ताव किया है। प्रस्ताव विचाराधीन है।

Setting up of Generator manufacturing unit by ABB

5926. SHRI AHMED MOHMEDBHAI PATEL: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Asea Brown Boveri Ltd. has decided to set up a Turbine-cum-Generator Manufacturing Unit at Baroda in Gujarat;

(b) whether any details of the proposed project have been worked out;

(c) if so, the details thereof; and

(d) what is the amount likely to be incurred on this project?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) to (d) The Government have not received any specific proposal from M|s Asea Brown Boveri Limited for setting a Turbine-cum-Generator Manufacturing unit at Baroda in Gujarat.

Allocation of funds to Bihar for PM's Rozgar Yojana

5927. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 970 given in the Rajya Sabha on 9th December, 1993 and state how much funds under Prime Minister's Rozgar Yojana have been earmarked for Bihar for the current financial year, with details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): For implementation of the Prime Minister's Rozgar Yojana Government provides capital subsidy @15% of the project cost subject to a ceiling of Rs. 7,500 per beneficiary This subsidy component is released to the individual beneficiaries through Reserve Bank of India. There is no Statewise allocation of capital subsidy.

For the purpose of imparting training to the individual beneficiaries who have been sanctioned loans, training expenses @Rs. 750 per trainee are being reimbursed to the States/UTs. In Addition, lumpsum amount for entrepreneurial development, such as preparation of project profiles, conducting industrial potential surveys, market surveys etc. are given to States/UTS. For the year 1993-94 the amount allocated to the Government of Bihar was Rs. 25.32 lakhs towards training expenses and Rs. 5.00 lakhs for preparation of project profiles conducting of industrial potential surveys, market surveys etc.

During 1994-95 an amount of Rs. 1.20 crores has been earmarked for capital subsidy out of a total budgetary provision of 145 crores. Statewise allocation of funds towards training of beneficiaries and preparation of project profies, conducting of industrial potential surveys, market surveys etc. has yet to be made.

New model for National Quality Council

5928. SHRI GOVINDRAO ADIK: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government areconsidering a new model for National Quality Council;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether the NQC will be an independent body;

(d) if so, the details thereof; and

(e) what action Government propose to take for smooth functioning of National Quality Council?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) to (e) The proposal regarding setting up of a National Quality Council is under consideration of the Government.

Setting up of modern industries in Punjab

5929. SHRI IQBAL SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether there is any new proposal under Government's consideration for setting up of more modern industrial units in Punjab; and

(b) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY SMT. KRISHNA SAHI): (a) and (b) 15 applications for grant of Industrial Licences for setting up of industries in Punjab for the manufacture of sugar, drugs, beer, alcohol chemicals hosiery and woollen knit wears were under consideration as on 25.4.94.

सरकारी क्षेत्र की 36 परियोजनाओं को निजी क्षेत्र को सौंपा जाना

5930. श्री वीरेन जे० शाह :
प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा :
श्री मतंग सिंह :

क्या प्रधान मंत्री 21 अप्रैल, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3981 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्री-स्तरीय समिति द्वारा जिन 36 सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं को वित्तीय वर्ष 1993-94 के अन्त तक निजी क्षेत्र को सोंपे जाने की सिफारिश की गयी थी उनमें कुल कितना पूंजी निवेश किया गया है और उक्त परियोजनाओं में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं ;

(ख) क्या सरकार ने समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिये कोई निर्णय लिया है ; और